राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री बागडे ने गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती पर उन्हें स्मरण करते उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया

जयपुर, 1 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती (2 अक्टूबर) पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

श्री बागडे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके दर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि गांधीजी का सम्पूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा से जुड़ा रहा। अहिंसा की उनकी दृष्टि ने राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तनों में महती भूमिका निभाई।

श्री बागडे ने कहा कि इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री का जीवन ईमानदारी और शुचिता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने राष्ट्र की इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।

----

## राज्यपाल की विजयादशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 1 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने विजयादशमी (2 अक्टूबर) के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि विजयादशमी अन्याय पर न्याय, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पावन पर्व है। यह त्योंहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा है कि राममय भारत का अर्थ है – सबके सुख से जुड़ा राष्ट्र। राम का अर्थ ही है सुन्दर, सुखदायक। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात् करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है।

-------